अभियंता प्रमुख का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग
सकारण आदेश

संवेदक **Sai Nexgen Compucons Pvt. Ltd, Prop-Amit Kumar,** (निबंधन सं0–**1150060), At-Room No- 612, Jagat Trade Centre, Fraser Road, Patna** Pin No-800001, एवं **वर्त्तमान पता– C/o** सार्जन सिंह, **S/o** नीरज कुमार सिंह, ठठेरीगली हीरालाल चौक, टॉउन थाना के नजदीक, मुँगेरीगंज बेगूसराय, बिहार, पिन नं0–851101 को कार्य प्रमंडल, खगड़िया के अधीन योजना शीर्ष PMGSY अंतर्गत **L043 बेला सिमरी से भगवानचक** (पैकेज संख्या–**BR-17R-072)** तक पथ निर्माण कार्य आवंटित है जिसका एकरारनामा संख्या–12 SBD/2014-15 है।

कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, खगड़िया के पत्रांक–1148 अनु0 दिनांक–18.08.2022 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त संवेदक द्वारा ब्राडा के पत्रांक–2659 अनु0 दिनांक–11.12.2020 में कार्य प्रमंडल, पूर्णियॉ के स्थान पर कार्य प्रमंडल, खगड़िया अंकित करते हुए एवं दिनांक–25.09.2020 को विभागीय निविदा समिति की सम्पन्न बैठक की कार्यवाही के कंडिका–12, जो ब्राडा के पत्रांक–2596 अनु0 दिनांक–13.10.2020 द्वारा निर्गत है, में फर्जी तरीके से ब्राडा के PDF में Edit कर कार्य प्रमंडल, पूर्णिया के स्थान पर कार्य प्रमंडल, खगड़िया का उक्त पथ का नाम जोड़कर समयवृद्धि की स्वीकृति का पत्र कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, खगड़िया को जमा किया गया है। विभिन्न अंचलों कार्य प्रमंडलों एवं ब्राडा के मेल को हैक कर तथा पत्र को EDIT कर समयवृद्धि भुगतान हेतु पत्र कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, खगड़िया को समर्पित किया गया एवं कार्य प्रमंडल, खगड़िया द्वारा उक्त पत्र को जॉच किये बिना ही अनुशंसा देते हुए संवेदक का समयवृद्धि का भुगतान 2223991/– (बाईस लाख तेईस हजार नौ सौ इकानवे) रूपये मात्र किया गया। उल्लेखनीय है कि संवेदक द्वारा कार्य प्रमंडल, खगड़िया एवं ब्राडा के मेल का दुरूपयोग करते हुए फर्जीवाड़ा का कार्य किया गया है।

संवेदक द्वारा फर्जी समयवृद्धि की स्वीकृति के आधार पर प्राप्त की गयी राशि की जानकारी होने पर, कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, खगड़िया के पत्रांक–1150 अनु0 दिनांक–18.08.2022 द्वारा संवेदक को निदेशित किया गया कि सरकार के खाता संख्या–11111137916 IFSC-SBIN0006379 भारतीय स्टेट बैंक बेली रोड पटना में दिनांक–30 अगस्त 2022 तक जमा कर दी जाय परन्तु संवेदक द्वारा चार माह बीत जाने के बाद चेक संख्या–699897 दिनांक–26.12.2022 द्वारा राशि जमा किया गया। उक्त कृत्य से स्वतः स्पष्ट है कि संवेदक द्वारा फर्जीवाड़ा का कार्य किया गया है।

उक्त वर्णित परिपेक्ष्य में विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–1686 अनु0 दिनांक–10.10.2022 द्वारा संवेदक के विरूद्ध कार्रवाई करने हेतु प्राप्त प्रस्ताव एवं अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–3105 दिनांक–30.12.2022, पत्रांक–2323 दिनांक–02.05.2023 एवं पत्रांक–3498 अनु0 दिनांक–06.07.2023 द्वारा अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु संवेदक से स्पष्टीकरण की मांग की गयी थी, जिसके आलोक में संवेदक द्वारा दिनांक– 17.07.2023 को स्पष्टीकरण समर्पित किया गया। संवेदक द्वारा प्राप्त स्पष्टीकरण में अवैध निकासी एवं फर्जीवाड़ा कर भुगतान पाने के संबंध में तथा अपनी संलिप्ता के विरूद्ध कुछ नहीं कहा गया है। संवेदक द्वारा बिन्दुवार एवं स्पष्ट जबाव प्राप्त नहीं होने के कारण, प्राप्त स्पष्टीकरण को अस्वीकृत किया गया एवं पुनः विभागीय पत्रांक–1877 दिनांक–16.05.2024 द्वारा पक्ष प्रस्तुत करने हेतु संवेदक को अंतिम रूप से स्मारित किया गया। जिसके आलोक में संवेदक द्वारा विभागीय मेल एवं निबंधित डाक के माध्यम से पत्रांक–शून्य दिनांक–01.06. 2024 द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया। संवेदक द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण में अवैध निकासी एवं फर्जीवाड़ा कर भुगतान पाने से संबंधित आरोप को निराधार बताया गया है। संवेदक का कहना है कि इसके लिए विभागीय पदाधिकारी/कर्मचारी दोषी है, क्योंकि हमारे द्वारा ऐसा कोई कृत नहीं किया गया है। मामला सामने आने पर विभागीय पदाधिकारी/कर्मचारी पर विभागीय कार्रवाई की गयी है, परन्तु यह भी स्पष्ट है कि बिना संवेदक की संलिप्ता के यह कृत्य नहीं हुआ है।

(144)

अतएव सम्यक विचारोपरांत बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007, अधिसूचना सं0–8123 दिनांक–19.12.2007 के कंडिका 11(क) की उपकंडिका (vi) के आलोक में संवेदक **Sai Nexgen Compucons Pvt. Ltd,** **(निबंधन सं0–1150060)**, Prop-Amit Kumar, **At-Room No- 612, Jagat Trade Centre, Fraser Road, Patna** Pin No-800001, एवं वर्त्तमान पता– **C/o सार्जन सिंह, S/o नीरज कुमार सिंह, ठठेरीगली हीरालाल चौक, टॉउन थाना के नजदीक, मुँगेरीगंज बेगूसराय (बिहार) पिन नं0–851101** को अगले 02(दो) वर्षो के लिए Blacklist किया जाता है।

28/06/2024

(भगवत राम)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0)कालीसूची–10–40/2022 - 2304 /पटना, दिनांकः–01/07/2024

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/उर्जा विभाग, बिहार, पटना/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/06/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0) कालीसूची–10–40/2022 - 2304 /पटना, दिनांकः– 01/07/2024

प्रतिलिपिः–सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/ सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/06/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0) कालीसूची–10–40/2022-2304 /पटना, दिनांकः–01/07/2024

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/06/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0) कालीसूची–10–40/2022-2304 /पटना, दिनांकः–01/07/2024

प्रतिलिपिः– संवेदक Sai Nexgen Compucons Pvt. Ltd, (निबंधन सं0–1150060), Prop-Amit Kumar, At-Room No- 612, Jagat Trade Centre, Fraser Road, Patna Pin No-800001, एवं वर्त्तमान पता– C/o सार्जन सिंह, S/o नीरज कुमार सिंह, ठठेरीगली हीरालाल चौक, टॉउन थाना के नजदीक, मुँगेरीगंज बेगूसराय (बिहार) पिन नं0–851101 को सूचनार्थ प्रेषित।

28/06/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव